FIRST INFORMATION REPORT
Under Section 173 B.N.S.S.

(प्रथम सूचना रिपोर्ट)
अंतर्गत धारा 173 बी. एन. एस. एस.

1. District (जिला): ACB DISTRICT P.S. (थाना): C.P.S Jaipur Year (वर्ष): 2026

2. FIR No. (प्र.सू.रि.सं): 0015 Date and Time of FIR (एफआईआर की तिथि/समय): 12/01/2026 22:36 बजे

S.No. (क्र.सं.)	Acts (अधिनियम)	Sections (धाराएँ)
1	भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 के अधिनियम संख्या 16 द्वारा संशोधित)	7
2	भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 के अधिनियम संख्या 16 द्वारा संशोधित)	12

3. (a) Occurrence of offence (अपराध की घटना):

1. Day(दिन): दरमियानी दिन Date From (दिनांक से): 08/01/2026 Date To (दिनांक तक): 09/01/2026

Time Period (समय अवधि): पहर Time From (समय से): 09:30 बजे Time To (समय तक): 16:35 बजे

(b) Information received at P.S. (थाना जहाँ सूचना प्राप्त हुई): Date (दिनांक): 12/01/2026 Time (समय): 10:00 बजे

(c) General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ) : Entry No. (प्रविष्टि सं.): 004 Date & Time (दिनांक एवं समय) 12/01/2026 22:36:26 बजे

4. Type of Information (सूचना का प्रकार): लिखित

5. Place of Occurrence (घटनास्थल):

1. (a) Direction and distance from P.S. (थाने से दिशा और दूरी): NORTH-EAST, 6 किमी Beat No. (बीट सं.) : NOT APPLICABLE

(b)Address(पता): AAROPI ABHISHEK KE MAKAN KE BAHAR, BRIGADIER GHASIRAM NAGAR COLONY, BHARATPUR

(c In case, outside the limit of this Police Station, then (यदि थाना सीमा के बाहर हैं तो)

Name of P.S (थाना का नाम):

District(State) (जिला (राज्य)):

6. **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):**

(a) **Name(नाम):** SHERSINGH

(b) **Father's Name (पिता का नाम):** KHAMANIRAM

(c) **Date/Year of Birth (जन्म तिथि/ वर्ष):** 1987 **(d)Nationality(राष्ट्रीयता):** INDIA

(e) **UID No(यूआईडी सं.):**

(f) **Passport No. (पासपोर्ट सं.):**
Date of Issue (जारी करने की तिथि): **Place of Issue (जारी करने का स्थान):**

(g) Id details (Ration Card,Voter ID Card,Passport,UID No.,Driving License,PAN) (पहचान विवरण(राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र,पारपत्र,आधार कार्ड सं,ड्राइविंग लाइसेंस,पैन)):

S.No.	Id Type	Id Number

(h) **Occupation (व्यवसाय):**

(i) **Address(पता):**

S.No. (क्र. सं.)	**Address Type (पता का प्रकार)**	**Address (पता)**
1	वर्तमान पता	C 64, KALRA LOHE WALI GALI, HIRADAS BUS STAND KE PASS, INDRA NAGAR, ATALBANDH, BHARATPUR, RAJASTHAN, INDIA
2	स्थायी पता	C 64, KALRA LOHE WALI GALI, HIRADAS BUS STAND KE PASS, INDRA NAGAR, ATALBANDH, BHARATPUR, RAJASTHAN, INDIA

(j) **Phone number (दूरभाष न.):** **Mobile (मोबाइल न.):**

7. **Details of known/suspected/unknown accused with full particulars (ज्ञात/संदिग्ध/अज्ञात अभियुक्त का पुरे विवरण सहित वर्णन):**

Accused More Than(अज्ञात आरोपी एक से अधिक हो तो संख्या):

S.No. (क्र.सं.)	**Name (नाम)**	**Alias (उपनाम)**	**Relative's Name (रिश्तेदार का नाम)**	**Address (पता)**
1	MOHIT KATIYAR		पिता:ARVIND KATIYAR	1. SUGRIV COLONY,JAIN MANDIR KE PASS BHARATPUR,BHARATPUR,RAJASTHAN,INDIA
2	ABHISHEK GUPTA		पिता:BANGALI BABU	1. 599,BRIGADIER GHASIRAM,NAGAR COLONY BHARATPUR,MATHURAGATE, BHARATPUR,RAJASTHAN,INDI

8. **Reasons for delay in reporting by the complainant/informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):**

9. **Particulars of properties of interest (Attach separate sheet, if necessary)**
(सम्बन्धित सम्पत्ति का विवरण(यदि आवश्यक हो, तो अलग पृष्ट नत्थी करें)):

S.No. (क्र.सं.)	Property Category (सम्पत्ति श्रेणी)	Property Type (सम्पत्ति के प्रकार)	Description (विवरण)	Value(In Rs/-) (मूल्य(रु में))
1	सिक्के और मुद्रा	रुपये		50,000.00

10. **Total value of property stolen(In Rs/-)**
(चोरी हुई संपत्ति का कुल मूल्य(रु में)): 50,000.00

11. **Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण न., यदि कोई हो):**

S.No. (क्र.सं.)	UIDB Number (यू.आई.डी.बी. संख्या)

12. **First Information contents (Attach separate sheet, if necessary)**
(प्रथम सूचना तथ्य(यदि आवश्यक हो , तो अलग पृष्ठ नत्थी करे)):

सेवा में, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो भरतपुर विषय-रिश्वत लेते हुये रंगे हाथ पकडवाने हेतु। महोदय, निवेदन है कि मैं शेर सिंह पुत्र श्री खमानीराम जाति जाट उम्र 39 साल निवासी मकान नम्बर सी-64,कालरा लोहे वाली गली,हीरादास बस स्टेन्ड के पास, इन्द्रा नगर पुलिस थाना अटलबन्ध जिला भरतपुर का रहने वाला हुं। निवेदन है कि मेरी स्मार्ट सन पॉवर के साथ डीलरशिप के रूप में काम करता हुं। मै पीएम सूर्य घर योजना के तहत भरतपुर जिले में काम करता हुं। मै एईएन मोहित कटियार व जेईएन अभिषेक कार्यालय उच्चैन के क्षैत्र में एक साल से सोलर का काम कर रहा हुं। एईएन मोहित कटियार व जेईएन अभिषेक ग्राहकों के मीटर लगाने व सब्सिडी के आवेदन को आगे बढाने की एवज में मुझे प्रति फाईल पर 5000/- रूपये रिश्वत मांग कर परेशान कर रहे है। मैने पूर्व में मेरी 20 फाईलों के 80,000/- रूपये दे दिये है और अभी मेरी पांच फाईलों के मीटर देने व नई चार फाईलों के मीटर देने व कनैक्शन एवं पिछला बकाया मिलाकर 90,000/- रूपये रिश्वत की मांग कर रहे है। मै ऐसे भ्रष्ट कर्मचारियों को रिश्वत नही देना चाहता हुं। रिश्वत लेते हुये रंगे हाथो पकडवाना चाहता हुं। मेरा उक्त दोनो कर्मचारियों से कोई उधार लेन देन बकाया नही है और नाही कोई रंजिश है। श्रीमान से निवेदन है कि कार्यवाही करने की कृपा करें। दिनांक 08.01.2026 एसडी शेर सिंह प्रार्थी शेर सिंह पुत्र श्री खमानीराम , 64 इन्द्रा नगर भरतपुर हाल डीलरशिप स्मार्ट सन पॉवर मो.नं एसडी अमित सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भरतपुर 08.01.2026, एसडी अभिमन्यु 09.01.2026 एसडी जयप्रकाश 09.01.2026कार्यवाही पुलिसप्रमाणित किया जाता है कि दिनांक 08.01.2026 समय - 09.30 ए.एम. पर परिवादी श्री शेर सिंह पुत्र श्री खमानीराम जाति जाट उम्र 39 साल निवासी मकान नम्बर सी-64,कालरा लोहे वाली गली,हीरादास बस स्टेन्ड के पास, इन्द्रा नगर पुलिस थाना अटलबन्ध जिला भरतपुर ने उपस्थित कार्यालय होकर एक लिखित तहरीरी रिपोर्ट मय अपने आधार कार्ड की छायाप्रति व दस्तावेजो के अति0 पुलिस अधीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो भरतपुर के पद नाम संबोधित करते हुए मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित सिंह को इस आशय की पेश की कि मैं शेर सिंह पुत्र श्री खमानीराम जाति जाट उम्र 39 साल निवासी मकान नम्बर सी-64,कालरा लोहे वाली गली,हीरादास बस स्टेन्ड के पास, इन्द्रा नगर पुलिस थाना अटलबन्ध जिला भरतपुर का रहने वाला हुं। निवेदन है कि मेरी स्मार्ट सन पॉवर के साथ डीलरशिप के रूप में काम करता हुं। मै पीएम सूर्य घर योजना के तहत भरतपुर जिले में काम करता हुं। मै एईएन मोहित कटियार व जेईएन अभिषेक कार्यालय उच्चैन के क्षैत्र में एक साल से सोलर का काम कर रहा हुं। एईएन मोहित कटियार व जेईएन अभिषेक ग्राहकों के मीटर लगाने व सब्सिडी के आवेदन को आगे बढाने की एवज में मुझे प्रति फाईल पर 5000/- रूपये रिश्वत मांग कर परेशान कर रहे है। मैने पूर्व में मेरी 20 फाईलों के 80,000/- रूपये दे दिये है और अभी मेरी पांच फाईलों के मीटर देने व नई चार फाईलों के मीटर देने व कनैक्शन एवं पिछला बकाया मिलाकर 90,000/- रूपये रिश्वत की मांग कर रहे है। मै ऐसे भ्रष्ट कर्मचारियों को रिश्वत नही देना चाहता हुं । रिश्वत लेते हुये रंगे हाथो पकडवाना चाहता हुं। मेरा उक्त दोनो कर्मचारियों से कोई उधार लेन देन बकाया नही है और नाही कोई रंजिश है। श्रीमान से निवेदन है कि कार्यवाही करने की कृपा करें। उपरोक्त रिपोर्ट पर परिवादी से मजीद दरियाफ्त की गई तो बताया कि उक्त तहरीरी रिपोर्ट मेरे द्वारा हस्तलिखित है एवं तहरीरी रिपोर्ट पर मेरे हस्ताक्षर हैं । संलग्न दस्तावेजों में परिवादी श्री शेर सिंह व स्मार्ट सन पॉवर के मध्य दिनांक 01.01.2025 से प्रभावी हुये एग्रीमेन्ट की छायाप्रति है एवं परिवादी शेर सिंह की फर्म श्रीजी सोलर एनर्जी की रजिस्ट्रेशन की छायाप्रति है। हमारे बीच हुये करार के मुताबिक सोलर उपकरण स्मार्ट सन पॉवर द्वारा दिये जाते है एवं मेरे द्वारा साईट पर लगाये जाते है एवं भुगतान मेरे बचत खाते एवं फर्म में प्राप्त किया जाता रहा है। मजीद दरियाप्त से मामला रिश्वत मांग का पाया जाता है फिर भी विभागीय प्रकिया अनुसार रिश्वती मांग का गोपनीय सत्यापन करवाया जावेगा। गोपनीय सत्यापन से जैसी स्थिति होगी अग्रिम

कार्यवाही अमल में लायी जावेगी। इसके बाद समय-10.00 ए.एम. पर रिश्वत मांग के गोपनीय सत्यापन के क्रम में डिजीटल वॉइस रिकॉर्डर को कार्यालय की आलमारी से श्री अवधेश हैडकानि. नं. 68 से निकलवाकर उसमें नया मैमोरी कार्ड डालकर खाली होना सुनिश्चित कर परिवादी श्री शेरसिंह को चालू एवं बन्द करने की विधि समझाकर उक्त विभागीय डिजीटल वॉइस रिकॉर्डर को श्री परसराम कानि. को सुपुर्द कर हिदायत दी गई कि वह परिवादी श्री शेर सिंह को आरोपी के पास जाने से पूर्व अपना परिचय देकर चालू कर सुपुर्द करे तथा परिवादी के बाहर आने पर वापस प्राप्त कर बन्द कर ज्यों का त्यौं सुरक्षित लेकर आवे इससे छेडछाड नही करें। रिश्वत मांग के गोपनीय सत्यापन हेतु परिवादी शेरसिंह व श्री परसराम कानि0 को परिवादी की निजी कार से गोपनीय सत्यापन कराने की हिदायत देकर कस्बा उच्चैन रवाना किया गया। फर्द सुपुर्दगी विभागीय डिजीटल वॉइस रिकॉर्डर पृथक से मुर्तिब की जाकर बाद हस्ताक्षर शामिल पत्रावली की गई। इसके बाद समय-12.30 पीएम पर श्री परसराम कानि. मय परिवादी श्री शेर सिंह के उपरोक्त फिकरावाला का रवाना शुदा उपस्थित कार्यालय आये। श्री परसराम कानि . से पूर्व से सुपुर्दशुदा वॉइस रिकॉर्डर को जरिए फर्द प्राप्त किया गया। परिवादी श्री शेर सिंह ने बताया कि आज सुबह मै आपके कार्यालय के परसराम कानि. के साथ हीरादास बस स्टैन्ड भरतपुर से रवाना होकर कार्यालय अधिशाषी अभियंता उच्चैन गये जंहा परसराम कानि. ने डिजीटल वॉईस रिकॉर्डर चालू कर अपना परिचय देकर मुझे सुपुर्द कर दिया। इसके बाद मै एईयन साहब मोहित कटियार से मिला तो उन्होने मुझे जेईयन साहब अभिषेक से बात करने के लिए कहा और मै जेईयन साहब के पास गया तो जेईयन साहब मुझे दिखाई नही दिये। इसके बाद मैने श्री परसराम कानि. के पास आकर डिजीटल वॉईस रिकॉर्डर परसराम कानि. को सुपुर्द कर दिया। श्री परसराम कानि. ने मुझसे डिजीटल वॉईस रिकॉर्डर प्राप्त कर बन्द कर सुरक्षित अपने पास रख लिया। मैने जेईयन साहब की जानकारी की तो कंही बाहर होना बताया। उक्त सारी वार्तालाप मैने साथ में गये हुये श्री परसराम कानि. को बताई थी। मै कल जेईयन साहब से मिलने सुबह जल्दी उनके घर पर ही जाउंगा। तत्पश्चात श्री परसराम कानि. से पूछने पर श्री परसराम कानि. ने भी परिवादी के उक्त कथनों की पुष्टि की गई। श्री परसराम कानि. से जरिये फर्द प्राप्तशुदा वॉईस रिकॉर्डर को चालू कर सुना गया तो वॉइस रिकॉर्डर में वार्ता रिकॉर्ड होना पायी गई। इस पर वॉईस रिकॉर्डर से मैमोरी कार्ड निकालकर मैमोरी कार्ड व डिजीटल वॉईस रिकॉर्डर को कार्यालय की आलमारी में सुरक्षित रखवाया गया। परिवादी व स्वतंत्र गवाहान के समक्ष रूपान्तरण पृथक से तैयार किया जावेगा। परिवादी को गोपनीयता बनाये रखने की हिदायत देकर रूकसत किया गया। इसके बाद दिनांक 09.01.2026 समय-07.30 ए.एम. पर रिश्वत मांग के गोपनीय सत्यापन के क्रम में डिजीटल वॉइस रिकॉर्डर को कार्यालय की आलमारी से श्री अवधेश हैडकानि. नं. 68 से निकलवाकर उसमें नया मैमोरी कार्ड डालकर खाली होना सुनिश्चित कर श्री परसराम कानि. नं. 203 को चालू एवं बन्द करने की विधि समझाकर उक्त विभागीय डिजीटल वॉइस रिकॉर्डर को श्री परसराम कानि. को सुपुर्द कर हिदायत दी गई कि वह परिवादी श्री शेर सिंह को आरोपी के पास जाने से पूर्व अपना परिचय देकर चालू कर सुपुर्द करे तथा परिवादी के बाहर आने पर वापस प्राप्त कर बन्द कर ज्यों का त्यौं सुरक्षित लेकर आवे इससे छेडछाड नही करें। रिश्वत मांग के गोपनीय सत्यापन हेतु निजी मोटरसाईकिल से परिवादी शेर सिंह से संपर्क कर गोपनीय सत्यापन कराने की हिदायत देकर हीरादास बस स्टैन्ड भरतपुर रवाना किया गया। फर्द सुपुर्दगी विभागीय डिजीटल वॉइस रिकॉर्डर पृथक से मुर्तिब की जाकर बाद हस्ताक्षर शामिल पत्रावली की गई। इसके बाद समय- 11.50 एएम पर श्री परसराम कानि. मय परिवादी श्री शेर सिंह के उपरोक्त फिकरावाला का रवाना शुदा उपस्थित कार्यालय आये। श्री परसराम कानि . से पूर्व से सुपुर्दशुदा वॉइस रिकॉर्डर को जरिए फर्द प्राप्त किया गया। परिवादी श्री शेर सिंह ने बताया कि आज सुबह मै आपके कार्यालय के परसराम कानि. के साथ हीरादास बस स्टैन्ड भरतपुर से रवाना होकर जेईयन अभिषेक जी के घर गये जंहा परसराम कानि. ने डिजीटल वॉईस रिकॉर्डर चालू कर अपना परिचय देकर मुझे सुपुर्द कर दिया। जेईयन साहब मुझे घर के बाहर ही मिल गये जिनसे मैने मेरे काम के संबध में व रिश्वत की बात की। उन्होने मुझे बिजलीघर आने के लिए कहा कि मै एईयन साहब से मिला दुंगा। इसके बाद मैने रिकॉर्डर परसराम कानि. को सुपुर्द कर दिया। श्री परसराम कानि. ने मुझसे डिजीटल वॉईस रिकॉर्डर प्राप्त कर बन्द कर सुरक्षित अपने पास रख लिया। इसके बाद जेईयन साहब के घर से रवाना होकर हम समय करीब 09.50 एएम पर बिजलीघर उच्चैन पहुंचे। जंहा परसराम कानि. ने डिजीटल वॉईस रिकॉर्डर चालू कर अपना परिचय देकर मुझे सुपुर्द कर दिया। इसके बाद मै बिजलीघर के अन्दर जेईयन साहब से मिला तो जेईयन साहब मुझे मेरे कार्य के संबध में बात की। जेईयन व एईयन साहब से मेरी कुल 34 फाईलों के 1,70,000/- रूपये की बात कर जिसके 80,000/- रूपये मैने पूर्व में दे दिये है। 90,000/- रूपये रिश्वत की और मांग की है। 50,000/- रूपये आज ही दो-तीन घन्टे बाद ही मंगाये है तथा 40,000/- रूपये सोमवार को देने के बाद मीटर देने के लिए कहा है उक्त सारी वार्तालाप मैने वॉईस रिकॉर्डर में रिकॉर्ड कर ली है। उक्त सारी वार्तालाप मैने साथ में गये हुये श्री परसराम कानि. को बताई थी। तत्पश्चात श्री परसराम कानि. ने बताया कि मैने द्वारा भी परिवादी के उक्त कथनों की पुष्टि की गई। श्री परसराम कानि. से जरिये फर्द प्राप्तशुदा वॉईस रिकॉर्डर को चालू कर सुना गया तो वॉइस रिकॉर्डर में रिश्वत मांग सत्यापन वार्ता रिकॉर्ड होना पायी गई। इस पर वॉईस रिकॉर्डर से मैमोरी कार्ड निकालकर मैमोरी कार्ड व डिजीटल वॉईस रिकॉर्डर को कार्यालय की आलमारी में सुरक्षित रखवाया गया। परिवादी व स्वतंत्र गवाहान के समक्ष रूपान्तरण पृथक से तैयार किया जावेगा। परिवादी को रिश्वत राशि के संबध में पूछा तो अपने पास 50,000/- रूपये होना बताया। परिवादी को कार्यालय में बैठाया गया। इसके बाद

समय- 12.10 पी.एम. पर श्री राजेन्द्र कुमार कानि नं. 106 को श्रीमान संयुक्त निदेशक माध्यमिक शिक्षा भरतपुर के नाम तहरीर जारी कर दो स्वतंत्र गवाह लाने हेतु रवाना किया गया। इसके बाद समय- 12.30 पी.एम. पर उपरोक्त फिकरा का रवानाशुदा श्री राजेन्द्र कुमार कानि नं. 106 मय दो स्वतंत्र गवाह लेकर उपस्थित कार्यालय आया। मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने अपना परिचय देकर उनका नाम पता पूछा तो उन्होंने अपना-अपना नाम क्रमशः श्री अभिमन्यु पुत्र श्री फगुनीराम जाति जाटव उम्र 55 साल निवासी वनखण्डी महादेव मन्दिर व नाले के पास तिलक नगर भरतपुर पुलिस थाना अटलबंद भरतपुर हाल प्रशासनिक अधिकारी कार्यालय संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा भरतपुर संभाग भरतपुर मो.नं. एवं श्री जयप्रकाश पुत्र श्री मुरारीलाल जाति वैश्य उम्र 45 साल निवासी मकान नम्बर 333 कृष्णा नगर भरतपुर हाल कार्यक्रम अधिकारी (व्याख्याता समकक्ष) कार्यालय अतिरिक्त जिला परियोजना संमन्वयक समग्र शिक्षा भरतपुर मो.नं. होना बताया जिनका कार्यालय में पूर्व से उपस्थित परिवादी श्री शेर सिंह से आपस में परिचय करवाकर ट्रेप कार्यवाही से अवगत कराते हुए एवं परिवादी द्वारा दिनांक 07.01.2026 को पेश की गई तहरीरी रिपोर्ट को दोनों गवाहों को पढने को दी गई एवं कार्यवाही में बतौर स्वतंत्र गवाह रहने की स्वीकृति ली गई तो दोनो गवाहों ने अपनी-अपनी मौखिक स्वीकृति दी एवं प्रमाण स्वरूप परिवादी द्वारा पेश की गई तहरीरी रिपोर्ट पर अपने-अपने हस्ताक्षर किये। इसके बाद समय 02.00 पी.एमः पर उपरोक्त मौतविरान के समक्ष मन् अति0 पुलिस अधीक्षक के द्वारा परिवादी श्री शेर सिंह पुत्र श्री खमानीराम जाति जाट उम्र 39 साल निवासी मकान नम्बर सी-64,कालरा लोहे वाली गली,हीरादास बस स्टेन्ड के पास, इन्द्रा नगर पुलिस थाना अटलबन्ध जिला भरतपुर से आरोपीगणों को रिश्वत में दी जाने वाली राशि पेश करने की कहने पर उसने अपने पास से रिश्वती राशि 500-500 रूपये के 100 नोट भारतीय चलन मुद्रा के नोट कुल 50,000/-(पचास हजार) रूपये अपने पास से निकालकर मन अति. पुलिस अधीक्षक को पेश किये जिनका विवरण फर्द पेशकशी में अंकित करवाया जाकर परिवादी द्वारा पेश शुदा नोटों का मिलान दोनों स्वतंत्र गवाहान से करवाया गया। तत्पश्चात श्री अवधेश हैड कानि0 68 से मालखाना खुलवाकर श्री सतेन्द्र कुमार कानि नं.45 से फिनोफ्थलीन पाउडर का डिब्बा मंगवाया जाकर एक अखबार के ऊपर फिनोफ्थलीन पाउडर निकलवाकर उक्त सभी नोटों पर श्री सतेन्द्र कुमार कानि नं. 45 से फिनोफ्थलीन पाऊडर भली-भांति लगवाया गया तथा परिवादी श्री शेर सिंह की जामा तलाशी स्वतंत्र गवाह श्री जयप्रकाश से लिवाई गई तो उसके पास कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं रहने दी गई। इसके पश्चात् फिनोफ्थलीन पाउडर लगे 50,000/- रूपये के नोटों को श्री सतेन्द्र कुमार कानि नं. 45 से परिवादी की पहनी हुई पेन्ट की बांयी तरफ की सामने की जेब में सीधे ही रखवाये जाकर परिवादी को हिदायत दी गई कि वह इन नोटों को अनावश्यक रूप से नहीं छुये तथा आरोपी द्वारा रिश्वती राशि मांगने पर यही पाउडर लगे नोट उसे निकालकर देवे तथा आरोपी रिश्वत राशि प्राप्त कर कहां रखता है इसका पूरा ध्यान रखे तथा बाहर आकर अपने सिर पर हाथ फेरकर रिश्वत देने की स्वीकृति का मुकर्रर ईशारा करे। उपस्थित दोनो गवाहान को हिदायत दी गई कि वे यथा सम्भव रिश्वत के लेन देन को देखने तथा बातचीत को सुनने का प्रयास करे। इसके बाद गवाह श्री जयप्रकाश से कार्यालय में रखे पानी के कैम्पर में से एक पारदर्शी डिस्पोजल गिलास में साफ पानी मंगवाकर उसमें एक चम्मच सोडियम कार्बोनेट पाऊडर डलवाकर घोल तैयार करवाकर उक्त घोल को सभी हाजरीयान को दिखाया गया तो सभी ने रंगहीन होना स्वीकार किया उक्त घोल में नोटों पर फिनोफ्थलीन पाऊडर लगाने वाले श्री सतेन्द्र कुमार कानि नं. 45 के दाहिने हाथ की अंगुलियों को डुबोकर धुलवाया गया तो धोवन का रंग गहरा गुलाबी हो गया। इस प्रकार फिनोफ्थलीन पाऊडर व सोडियम कार्बोनेट पाऊडर की आपसी रासायनिक प्रतिक्रिया का महत्व दोनों गवाहान व परिवादी को समझाया गया तथा गिलास के धोवन कार्यालय के बाहर फिकवाया गया व काम में लिये गये अखबार व डिस्पोजल गिलास को जलवाकर नष्ट करवाया गया तथा फिनोफ्थलीन पाऊडर के डिब्बा को बंद ढक्कन कराकर श्री सतेन्द्र कुमार कानि नं. 45 के माध्यम से मालखाना में रखवाया गया। इसके बाद दोनों गवाहान व परिवादी एवं समस्त ट्रेप पार्टी सदस्यों के हाथ साबुन पानी से अच्छी तरह साफ करवाये गये तथा मन अति0 पुलिस अधीक्षक ने भी अपने दोनों हाथ साबुन पानी से अच्छी तरह साफ किये। इसके बाद परिवादी को छोड कर दोनों गवाहान एवं समस्त ट्रेप पार्टी सदस्यों की आपस में एक दूसरे से जामा तलाशी लिवायी गई जिसमें मोबाईल फोन, परिचय पत्र के अलावा किसी के पास कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं रहने दी गई। ट्रेप कार्यवाही में उपयोग में आने वाले उपकरणों को साबुन पानी से अच्छी तरह साफ करवाया जाकर ट्रेप बॉक्स में रखवाया गया। परिवादी को सरकारी डिजीटल वॉइस रिकार्डर में नया मैमोरी कार्ड डालकर वक्त रिश्वत लेन देन की वार्ता को रिकार्ड करने के लिये वॉइस रिकॉर्डर को चलानें एवं बन्द करने की विधि समझाकर बाद हिदायत सुपुर्द किया गया। श्री सतेन्द्र कुमार कानि नं. 45 को बाद हिदायत कार्यालय में ही छोडा गया। फर्द पृथक से मुर्तिब की जाकर सम्बंधितों के हस्ताक्षर करवाये गये। इसके बाद समय- 03.00 पीएम पर श्री रीतराम सिंह सहायक उपनिरीक्षक मय श्री रितेश कुमार कानि. नं. 64 , श्री परसराम कानि. नं. 203 मय परिवादी शेर सिंह मय परिवादी की निजी कार से रवाना कर उनके पीछे श्री गोकुलेश कानि. नं. 454, श्री लोकेश कुमार कानि नं. 85, श्री राजेन्द्र कुमार कानि नं. 106 मय स्वतंत्र गवाह श्री जयप्रकाश मय श्री विजय सिंह कानि. चालक मय प्राईवेट वाहन के आगे आगे रवाना कर मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मय स्वतंत्र गवाह श्री अभिमन्यु मय श्री दिलीप कानि. न.610, श्री विनोद सिंह कानि. नं. 114 मय अपनी निजी कार से मय ट्रेप बॉक्स मय लैपटॉप प्रिन्टर , सरकारी डिजिटल वीडियो कैमरा के वास्ते ट्रेप कार्यवाही हेतु कस्बा उच्चैन रवाना हुआ। इसके

बाद समय-05.00 पी.एम पर दर्ज रहे कि एसीबी चौकी भरतपुर से रवाना होकर मय हमराहीयान के साथ समय 3.30 पी. एम. पर उच्चैन पहुंचा जहां पर दोनों आरोपीगण की बारे में जानकारी करवाई गई तो अपने कार्यालय में उपस्थित नही होना ज्ञात होने पर परिवादी के मोबाइल से आरोपी अभिषेक गुप्ता के मोबाइल पर वाट्सअप कॉल करवाई गई तो आरोपी ने कॉल को रिसीव नही किया किंतु कुछ समय पश्चात आरोपी का वाट्सअप कॉल आया तो आरोपी ने अपने आप को अपने निवास स्थान भरतपुर में होना बताया उक्त कॉल को लाउड स्पीकर पर करवाकर विभागीय वॉइस रिकॉर्डर में रिकॉर्ड करवाया गया इस पर मन अति0 पुलिस अधीक्षक अमित सिंह मय परिवादी मय हमराहीयान मय ट्रेप उपकरण के मौके से रवाना हुआ। रास्ते में आरोपी मोहित कटियार सहायक अभियंता की लोकेशन निकलवाई गई तो उसकी लोकेशन सारस चौराहा भरतपुर पर होने पर श्री मुनेश कुमार उप निरीक्षक, श्री अवधेश कुमार हैडकानि. को निर्देशित किया गया कि आप सरकारी गाडी व जाब्ता लेकर सफेद कलर की हुंडई कम्पनी की कार जिसके नम्बर HR51CQ9712 हैं का पीछा करें एवं मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के अग्रिम आदेशों की प्रतीक्षा करें साथ ही महिला कानि. कुमारी शगुन को भी निर्देशित किया गया कि आप ब्रिगेडियर घासीराम नगर कोलोनी भरतपुर पर उपस्थित मिलें। इसके पश्चात समय 04.10 पी.एम. पर समस्त हमराही जाब्ता एवं ट्रेप उपकरणों व प्राइवेट वाहनों के ब्रिगेडियर घासीराम नगर कोलोनी भरतपुर पहुंचा जहां पर परिवादी से आरोपी के मोबाइल पर वाट्सअप कॉल कराई गई तो आरोपी ने अपने आप को भरतपुर शहर में होना बताया इस पर मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने परिवादी को मुनासिब हिदायत कर आरोपी के निवास जो ब्रिगेडियर घासीराम नगर कोलोनी में स्थित है के पास ही छोडा गया। मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मय हमराही जाब्ता के वाहनों को साइड में खडा कर आरोपी के मकान के आसपास ही अपनी उपस्थिति छुपाते हुए खडा हो गया परिवादी के नियत इशारे का इंतजार करने लगा । कुछ समय पश्चात परिवादी के पास एक स्कूटी सवार व्यक्ति आकर रूका और परिवादी से बातचीत करने लगा इसके पश्चात समय 04.35 पी.एम. पर परिवादी ने मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने नियत इशारा किया किंतु जिस व्यक्ति से परिवादी बातचीत कर रहा था वह स्कूटी से जाने लगा जिस पर मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व हमराही जाब्ते ने स्कूटी सवार व्यक्ति को रोकने का प्रयास किया किंतु वह व्यक्ति स्कूटी लेकर आवासीय कोलोनी में भाग गया। उक्त स्कूटी सवार आरोपी का पीछा किया गया तो उक्त व्यक्ति अपनी स्कूटी को रोड की साइड में पटककर पास में बने नाले में कूद गया जिसको हमराही जाब्ता की मदद से पकडा गया। परिवादी से पूर्व में सुपुर्दशुदा वॉइस रिकॉर्डर को प्राप्त कर बंद किया जाकर सुरक्षित अपने पास रखा। तत्पश्चात मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने अपना व हमराहीयान का परिचय देते हुए उक्त व्यक्ति से उसका नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम अभिषेक गुप्ता पुत्र स्व. श्री बंगाली बाबू उम्र 34 साल जाति वैश्य निवासी म.न. 599 , ब्रिगेडियर घासीराम नगर कोलोनी भरतपुर पुलिस थाना मथुरा गेट जिला भरतपुर हाल कनिष्ठ अभियंता कार्यालय अधिशाषी अभियंता जेवीवीएनएल उच्चैन जिला भरतपुर होना बताया इस पर मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने परिवादी से ली गई रिश्वत राशि 50,000 रूपये के सम्बंध में पूछा तो आरोपी ने बताया कि मैंने किसी भी प्रकार के रूपये नही लिये हैं जिस पर पास में खडे परिवादी ने बताया कि जेईएन साहब झूंठ बोल रहें हैं इन्होंने मेरे से रिश्वत राशि 50,000 रूपये को अपनी स्कूटी की डिग्गी में रखवाये थे। जिनको लेकर ये वहां से भाग गया था इस पर दोनों स्वतंत्र गवाहान की मौजूदगी में आरोपी अभिषेक गुप्ता की स्कूटी की डिग्गी को खोलकर चैक करवाया तो डिग्गी में दस्तानों के नीचे 500-500 रूपये की एक गड्डी दिखाई दी उक्त गड्डी को गवाह श्री अभिमन्यु से उठवाया जाकर कार्यालय में पूर्व में बनाई गई फर्द पेशकशी से मिलान करवाया गया तो नोटो के नम्बर हूबहू पाए गये जिनको सुरक्षित गवाह श्री अभिमन्यु के पास ही रखवाया गया। तत्पश्चात श्री मुनेश कुमार उप निरीक्षक को जरिए मोबाइल निर्देशित किया गया कि आप जिस गाडी का पीछा कर रहे हो उक्त व्यक्ति को डिटेन कर एसीबी चौकी भरतपुर लेके आवें। आम रास्ता होने के कारण मौके पर भीडभाड इकट्ठी होने के कारण अग्रिम कार्यवाही होना संभव नही है इस पर अग्रिम कार्यवाही हेतु मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मय डिटेनशुदा आरोपी अभिषेक गुप्ता जेईएन मय परिवादी मय हमराही जाब्ता , मय गवाहान मय रिश्वत राशि मय स्कूटी मय प्राइवेट वाहनों के मौके से रवाना होकर एसीबी चौकी भरतपुर पहुंचा जहां अग्रिम कार्यवाही शुरू करते हुए ट्रेप बॉक्स में से एक पारदर्शी प्लास्टिक का गिलास को निकलवाकर कार्यालय में रखे कैम्पर से गवाह श्री जयप्रकाश से पानी मंगवाकर गिलास में डलवाकर, पानी में एक चम्मच सोडियम कार्बोनेट पाउडर डलवाकर हिलवाया गया तो पानी रंगहीन रहा जिसे सभी हाजरीन को दिखाया तो सभी ने रंगहीन होना स्वीकार किया गया तथा ट्रेप बॉक्स मे से रूई का फोया निकलवाकर स्कूटी की डिग्गी को खुलवाकर डिग्गी को फोये से पुछवाकर फोये को गिलास में बने घोल में धुलवाया गया तो धोवन का रंग हल्का गुलाबी हो गया जिसे सभी को दिखाकर दो कांच की साफ शीशियों में आधा-आधा भरवाकर सील मोहर चिट चस्पा करवाकर चिट व कपडे पर सम्बंधितों के हस्ताक्षर करवाकर शीशी पर मार्क डी-1 व डी-2 अंकित करवाकर वजह सबूत कब्जा एसीबी लिया गया तथा डिस्पोजल गिलास को नष्ट किया गया। तत्पश्चात रूई को फोये को सुखवाकर एक सफेद कपडे की थैली में रखकर शील्ड मौहर किया जाकर सम्बंधित के हस्ताक्षर करवाये जाकर मार्क आरएफ अंकित कर कब्जा एसीबी लिया गया। तत्पश्चात गवाह श्री अभिमन्यु के पास सुरक्षित रखी हुई रिश्वत राशि 50,000 रूपये को निकलवाकर गिनवाया गया तो भारतीय चलन मुद्रा के 500-500 रूपये के 100 नोट कुल 50,000 रूपये होना पाये गये उक्त नोटों के नम्बरों को पुनः कार्यालय में बनाई गई फर्द पेशकशी से मिलवाया गया तो नोटों के नम्बर हूबहू होना पाये गये जिनका विवरण फर्द मे अंकित करवाया

